राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4294

04 अप्रैल, 2018 को उत्तर के लिए

प्रमुख इस्पात निर्यातक बनने की भारत की महत्वाकांक्षा

4294. श्री के॰ आर॰ अर्जुननः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि प्रमुख इस्पात निर्यातक बनने की भारत की महत्वाकांक्षा अमरीका द्वारा आयात पर लगाए प्रतिबंधों के कारण बाधित हो सकती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि हमारे निर्यातों में जनवरी से दिसम्बर, 2017 के दौरान लगभग 40 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) और (ख): जी नहीं। यूएसए को निर्यात, भारत के कुल इस्पात निर्यात का केवल लगभग 2.6% है। प्रमुख इस्पात निर्यातक बनने की भारत की महत्वाकांक्षा कई कारकों पर निर्भर करती है जिनमें विदेशी बाजारों में माँग, इसकी प्रतिस्पर्धात्मकता और देशीय माँग शामिल है।

(ग) और (घ): जी हाँ। जनवरी-दिसंबर, 2017 में पूर्ण फिनिश्ड इस्पात का भारत से निर्यात गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 80% बढ़ा है। ब्यौरा निम्नानुसार है:

वर्ष	पूर्ण फिनिश्ड इस्पात का निर्यात (मिलियन टन)	पूर्व वर्ष की तुलना में % बदलाव
जनवरी-दिसंबर, 2016	5.90	-
जनवरी-दिसंबर, 2017	10.87*	84

स्रोत: जेपीसी; * अनंतिम

****